# स्थानीय नीति एवं आरक्षण विधेयक के नाम पर राजनीति कर रही राज्य सरकार : आजसू

खबर मन्त्र संवाददाता



रांची। राज्य की हेमंत सोरेन सरकार द्वारा स्थानीयता एवं आरक्षण के संदर्भ में लाया गया विधेयक बस एक राजनीतिक पहल मात्र है। झारखंडी जनमानस की भावनाओं तथा यहां की पहचान और अस्मिता से जुड़े विषय पर दलीय रुप से चर्चा नहीं होना दुर्भाग्यपूर्ण है। विशेष सत्र में लोकतांत्रिक परंपराओं की अनदेखी हुई। उक्त बातें झारखंड के पूर्व उप एवं आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने विधासनभा के विशेष सत्र में स्थानीयता एवं आरक्षण को लेकर पारित हुए विधेयक को लेकर कही।

राज्य के सबसे बड़े विषय पर चर्चा तक नहीं होना तथा स्थानीय नीति में वंशावली का ना होना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। एक तरफ सरकार झारखंडियों को रक्षाकवच प्रदान करने की बात करती है और दूसरी ओर स्थानीय नीति में वंशावली को जगह नहीं देती। इससे इनकी मंशा स्पष्ट होती है। सरकार को यह सुनिश्चित करना था कि कोई अयोग्य व्यक्ति किसी भी रास्ते से आकर झारखंडियों की हकमारी नहीं करे, लेकिन वंशावली व्यवस्था को हटकार सरकार ने गलती की है।

हमारा यह स्पष्ट मंतव्य है कि आबादी के अनुसार ही आरक्षण का दायरा सुनिश्चित हो। इसके लिए जातीय जनगणना की निहायत जरूरत है। बिहार सरकार की तर्ज पर अगर हम भी आगे बढ़ते तो चुनौती देने का रास्ता बंद हो जाता, लेकिन सरकार ने अपनी राजनीतिक महत्वाकांक्षा के चक्कर में हड़बड़ी में निर्णय लेकर चुनौतियों का द्वार खोल दिया है।

खतियान आधारित नियोजन नीति झारखंडी युवाओं की बहुप्रतीक्षित मांग रही है तथा झारखंडियों के हक-अधिकार से जुड़ा विषय है। वेकेंसी, परीक्षा के इंतजार में लाखों युवाओं को वैसे ही सरकार निराश करती रही है। नियुक्तियों की मामूली प्रक्रिया भी शुरू हुई है, वो भी बगैर नियोजन नीति तय हुए। इससे झारखंडी युवाओं में भारी असंतोष है। आजसू पार्टी खतियान आधारित स्थानीय नीति के साथ नियोजन नीति लागू करने की पक्षधर रही है। खतियान के आधार पर नियोजन नीति बनने से ही यहां के लोगों को नौकरियों में वाजिब हक मिलेगा। इसे लेकर हमने विभिन्न मंचों के माध्यम से सरकार से आग्रह भी किया तथा मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर स्थानीय नीति के साथ साथ नियोजन नीति लागू करने की मांग भी की लेकिन विशेष सत्र में इस विषय पर सरकार की ओर से कोई जवाब नहीं आया।

## सदन में संशोधन प्रस्ताव का सीएम ने दिया जवाब, कहा

# अब आदिवासी समाज बोका नहीं रहा बाबूलाल को बर्बाद कर रही भाजपा

खबर मन्त्र ब्यूरो



रांची। विशेष सत्र के दौरान सीएम हेमंत सोरेन ने विपक्ष के संशोधन प्रस्ताव पर जवाब दिया। श्री सोरेन ने विपक्ष पर भी जमकर निशाना साधा और कहा कि पीएम फोन पर धमकी देते हैं। दरअसल, सीएम ने 1932 खतियान आधारित स्थानीयता और ओबीसी आरक्षण संशोधन बिल को सदन से पास कराकर अमलीजामा पहनाने वाला गेंद केंद्र के पाले में डाल दिया है। उन्होंने 11 अंक पर फोकस करते हुए कहा कि यह अंक झारखंड के लिए बेहद शुभ है। उन्होंने कहा कि पिछले साल 11 नवंबर को ही विशेष सत्र बुलाकर सरना आदिवासी धर्म कोड का प्रस्ताव पारित हुआ था। आज ही के दिन 11 नवंबर 1908 को छोटानागपुर टिनेंसी एक्ट यानी सीएनटी लागू हुआ था। उन्होंने कहा कि आज भी 11 नवंबर है। शिबू सोरेन ने राज्य दिया और उनके पुत्र ने 1932 पर आधारित स्थानीयता दी। ओबीसी को 14 से बढ़ाकर 27 प्रतिशत आरक्षण दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के पीएम और इनके मुखिया फोन पर धमकी देते हैं। सीएम ने प्रधानमंत्री के उस वायरल फोन के आधार पर यह बात बोली। जिसमें हिमाचल विधानसभा चुनाव में एक बागी प्रत्याशी से नामांकन वापस लेने की बात कही जा रही थी। उन्होंने कहा कि हम षडयंत्र से घबराने वाले नहीं हैं। आने वाले समय में ये लोग वोट मांगने की स्थिति में नहीं रहेंगे। आज इनका उतावलापन बता रहा है कि ये कितने घबराए हुए हैं। आज संस्थाएं गैर संवैधानिक काम कर रही हैं। बाबूलाल जी गला फाड़कर घूम रहे हैं। इन लोगों ने मधु कोड़ा को बर्बाद कर दिया। अब बाबूलाल जी को बर्बाद कर रहे हैं।

सीएम ने आरक्षण विधेयक पर आये संशोधन प्रस्ताव के दौरान जवाब देते हुए कहा कि आपकी तरह बेवकूफ नहीं हूं। आदिवासी को बोका बोलते हैं। अब यह बोका नहीं रहा। उन्होंने कहा कि सामंती विचार वालों को मुंहतोड़ जवाब देंगे। गांव में लोग इन्हें घुसने नहीं देंगे। हमारी सरकार ने ओल्ड पेंशन स्कीम लागू कर इतिहास बनाया है। ये लोग हत्यारेए लुटेरे और मॉब लिंचिंग करने वालों को माला पहनाते हैं। सीएम ने कहा कि घुटना टेकना आप जानते हैं हम नहीं।

## पूर्व मंत्री विमला प्रधान के पति के निधन पर भाजपा ने जताया शोक

रांची। भाजपा ने पूर्व मंत्री विमला प्रधान के पति कारा सेवा के अधिकारी दिलीप कुमार प्रधान के निधन पर गहरा शोक प्रकट किया है। प्रदेश अध्यक्ष एवम सांसद दीपक प्रकाश ने कहा कि दिलीप कुमार प्रधान एक अच्छे प्रशानिक अधिकारी थे। भगवान उनकी आत्मा को शान्ति प्रदान करे। उन्होंने परिजनों को दुख की घड़ी में धैर्य एवं साहस प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि यह अत्यंत दुखदायी खबर है। दिलीप कुमार प्रधान एक कर्तव्यनिष्ठ अधिकारी के साथ साथ कानून के भी अच्छे जानकार थे। क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, सांसद आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा,बालमुकुंद सहाय सहित अन्य पदाधिकारियों ने भी शोक व्यक्त करते हुए आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की है।

# मूलवासी सदान मोर्चा ने विस अध्यक्ष व सीएम को दी बधाई

खबर मन्त्र संवाददाता



रांची। 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति और ओबीसी को 27% आरक्षण देने को लेकर संविधान की नौवीं अनुसूची में डालने का प्रस्ताव विधानसभा सभा से पास होने पर मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने विधानसभा अध्यक्ष रविन्द्र नाथ महतो और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलकर उन्हें बधाई दी। प्रसाद ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पुष्पगुच्छ देकर खुशी जाहिर करते हुए उन्हें इस ऐतिहासिक निर्णय के लिए बधाईयां दी। उन्होंने कहा कि मूलवासी सदान मोर्चा ने 1932 के साथ अंतिम सर्वे 1964 के आधार पर स्थानीय नीति व नियोजन नीति को परिभाषित करने और ओबीसी को 36% आरक्षण देने को लेकर लम्बा संघर्ष और आंदोलन किया है। श्री प्रसाद ने कहा कि राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग ने कम से कम 36% आरक्षण ओबीसी को देने की अनुशंसा की थी 36% आरक्षण का प्रस्ताव पारित होता तो संविधानिक तौर पर प्रस्ताव को और भी मजबूती मिलती। प्रसाद ने मुख्यमंत्री से पिछड़ी जातियों का जनगणना और सर्वेक्षण कराने का आग्रह किया जिस पर मुख्यमंत्री ने उन्हें आश्वस्त किया की वे पिछड़ी जातियों की भी जनगणना वे कराएंगें।

मूलवासी सदान मोर्चा के वरिष्ठ सलाहकार क्षितीश कुमार राय, डॉ राम प्रसाद, अमित साहू, विशाल कुमार ने अंतिम सर्वे के साथ अन्य वैकल्पिक व्यवस्था और पिछड़ी जातियों को 27 प्रतिशत आरक्षण देने के साथ अनुसूचित जाति को 12 % आरक्षण करने का स्वागत करते हुए मुख्य मंत्री को धन्यवाद दिया है और उनके प्रति आभार व्यक्त किया है।

# बिना खतियान वाले मूलवासियों को भी राज्य की नौकरियों में प्रथमिकता दी जाए : भाकपा

## भाकपा ने 1932 का खतियान और 27% ओबीसी के आरक्षण बिल का किया स्वागत



खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। भाकपा ने हेमंत सरकार द्वारा विधानसभा से पारित 1932 का खतियान और 27% ओबीसी को आरक्षण देने के फैसले का ने स्वागत किया है।

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव महेंद्र पाठक, सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता, अजय सिंह ने संयुक्त रूप प्रेस बयान जारी कर कहा है कि हेमंत सरकार ने झारखंड विधानसभा के विशेष सत्र में स्थानीयता के लिए 1932 की खतियान और ओबीसी आरक्षण 27% को भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी झारखंड राज्य परिषद समर्थन करती है। हेमंत सरकार ने अपने किए गए वादे को पूरा करने के लिए विधानसभा के विशेष सत्र बुलाकर दोनों विधेयक को पास कराया वह सराहनीय है। बावजूद झारखंड में अलग-अलग इलाके में अलग-अलग समय में सर्वे का कार्य हुआ है। राज्य में कई ऐसे आदिवासी, मूलवासी ,जंगल ,झाड़ गांव कस्बों में पड़े हुए हैं। जिनकी न तो कोई जमीन है ना कोई खतियान लेकिन मूल झारखंडी है। उन्हें भी थर्ड ग्रेड फोर्थ ग्रेड नौकरी में प्राथमिकता मिले। भाकपा मांग करती है कि जिस तरह से 27% ओबीसी के लिए आरक्षित किया गया है उसी तरह से सभी वर्गों के आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए भी 10% आरक्षण देना चाहिए। भारतीय जनता पार्टी राज्य की जनता को हमेशा ठगती रही है। 22 वर्ष के झारखंड में अधिकांश समय भारतीय जनता पार्टी का शासन राज्य में रहा। झामुमो गठबंधन की सरकार स्थानीयता एवं ओबीसी के सवाल पर सक्रियता दिखायी। भारतीय जनता पार्टी को भी चाहिए कि केंद्र में इसे पास कराते हुए राज्य में लागू कराये। अगर 2024 के चुनाव से पहले दोनों बिल राज्य में लागू नहीं होता है तो राज्य की जनता वैसे दलों को पहचान करेगी जो लगातार झारखंड वासियों की सपना दिखाकर उन्हें ठगते रहे हैं।


## सीएम हेमंत सोरेन का केंद्रीय सरना समिति व अन्य संगठनों ने किया अभिनंदन



रांची। केंद्रीय सरना समिति और सरना प्रार्थना सभा ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का जोरदार अभिनंदन किया है। मुख्यमंत्री आवासीय परिसर में उड़े अबीर गुलाल, आतिशबाजी कर खुशियों का इजहार किया गया। दरअसल, 1932 खतियान आधारित स्थानीयता और नियुक्ति तथा सेवाओं में आरक्षण वृद्धि का विधेयक पारित होने पर लोगों में खुशी है। इसकी बानगी मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय परिसर में भी देखने को मिली। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड वासियों के मान-सम्मान और अस्मिता के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। इन दोनों विधेयकों को पारित कर हमारी सरकार आदिवासियों- मूलवासियों को उनका हक और अधिकार देने का कार्य किया है। झारखंड विकास के रास्ते पर आगे बढ़ चुका है और यह सिलसिला नहीं थमेगा।

## खबर एक नजर में

### जेल से बाहर आये अधिवक्ता राजीव कुमार



रांची। कैश कांड में फंसे झारखंड हाईकोर्ट के अधिवक्ता राजीव कुमार 103 दिन तक न्यायिक हिरासत में रहने के बाद जेल से बाहर निकल चुके हैं। कुछ दिन पहले झारखंड हाईकोर्ट ने उन्हें इस मामले में जमानत दे दी थी। हाईकोर्ट के आदेश के मुताबिक, उन्होंने निचली अदालत में एक-एक लाख रुपये के जमानती मुचलके भर दिए हैं। जेल से रिहाई के वक्त बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा के बाहर राजीव कुमार के परिजन और अन्य लोग उन्हें रिसीव करने पहुंचे। इस दौरान राजीव कुमार ने मीडिया से कहा कि उन्हें फंसाया गया है। उन लोगों की मंशा पूरी नहीं होगी। यह लड़ाई जारी रहेगी।

### राष्ट्रपति आगमन : राज्यपाल ने की बैठक



रांची। राज्य स्थापना दिवस समारोह को लेकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू झारखंड आने वाली हैं। वे समारोह की मुख्य अतिथि होंगी। राष्ट्रपति रांची और खूंटी का दौरा करेंगी। राष्ट्रपति के आगमन को लेकर की जा रही तैयारियों, उलिहातु, खूंटी एवं रांची के कार्यक्रमों की रूपरेखा, कारकेड एवं विधि व्यवस्था की समीक्षा को लेकर शुक्रवार को राज्यपाल रमैश बैस ने आला अधिकारियों के साथ राजभवन में बैठक की। इस बैठक में मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, पुलिस महानिदेशक नीरज सिन्हा, राज्यपाल के प्रधान सचिव डॉ नितिन कुलकर्णी, कैबिनेट सचिव वंदना दादेल एवं अपर पुलिस महानिदेशक (अभियान) संजय लाटकर उपस्थित थे।

### रांची में कल से गिरेगा न्यूनतम तापमान

रांची। मौसम में बदलाव शुरू हो चुका है। दिन में ही लोगों को ठंड का एहसास हो रहा है। वहीं सुबह शाम कनकनी बढ़ गई है। 24 घंटों की बात करें तो खूंटी का न्यूनतम तापमान 12 .6 डिग्री पहुंच चुका है। जिससे साफ है कि आने वाले दिनों में तापमान में और गिरावट होगी। वहीं राजधानी रांची की बात करें तो 13 नवंबर से न्यूनतम पारा 13 डिग्री पहुंच जाएगा। अधिकतम तापमान में भी 2-3 डिग्री की गिरावट की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग की माने तो तापामान में उतार चढ़ाव रहेगो। मौसम विभाग के अनुसार राज्य भर में सुबह कोहरा छाया रहेगा। इसके बाद दिन में मौसम साफ होगा। अधिकतम तापमान 26-30 डिग्री रहेगा लेकिन सुबह शाम में लोगों को चिलचिलाने वाली ठंड सतायेगी।

### जयंती पर याद किये गये मौलना अबुल कलाम

रांची। झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में शुक्रवार को देश के प्रथम शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर कांग्रेसजनों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। वक्ताओं ने मौलाना आजाद के बहुमुखी व्यक्तित्व की चर्चा की तथा उन्हें महान शिक्षाविद एवं शिक्षा का प्रतिबिम्ब बताया। वक्ताओं ने कहा कि शिक्षा के विकास में मौलाना आजाद के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। उनके लेखन, विचारों से संबंधित दस्तावेज को प्रकाशन करना चाहिए ताकि आज के युवा, छात्र उनके कृति को जान सकें। जयन्ती समारोह को केशव महतो कमलेश, अमुल्य नीरज खलखो, राजीव रंजन प्रसाद, राकेश सिन्हा, डॉ एम तौसीफ, डॉ राकेश किरण महतो, सतीश पॉल मुंजनी, विनय सिन्हा दीपू, जगदीश साहु, निरंजन पासवान, नेली नाथन, जितेन्द्र त्रिवेदी, शहीद अंसारी, सुरेन राम, अजय कुमार, छोटू सिंह, अजय सिंह, पंकज तिवारी, सुनील प्रसाद, बिटटू कुमार, दिनेश लाल सिन्हा, नरेन्द्र लाल गोपी, दामोदर प्रसाद, एवं रामानंद केशरी सहित अन्य कांग्रेसजन शामिल थे।

# मुंबई में आयोजित जनजातीय महोत्सव में शामिल होंगे भाजपा नेता कमलेश राम

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। झारखंड इंटेलेक्चुअल फोरम एवं प्रधानमंत्री आत्मनिर्भर भारत के संयुक्त तत्वावधान में मुम्बई में आयोजित जनजातीय महोत्सव में भाजपा नेता कमलेश राम शामिल होंगे। धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 147वीं जयंती की पूर्व संध्या पर 14 नवंबर को मुम्बई के यशवंत राव चौहान सभागर में जनजातीय गौरव दिवस को महोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। इस कार्यक्रम में भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा झारखंड प्रदेश के प्रदेश मंत्री कमलेश राम शामिल होकर भगवान बिरसा मुंडा की जीवनी तथा संघर्ष के साथ-साथ सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और राज्य के वर्तमान विषय पर व्यख्यान देंगे।

## जन सेवा ही सबसे बड़ी सेवा : कमलेश राम



भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश मंत्री कमलेश राम ने कांके प्रखंड अंर्तगत राड़हा के सुतियांबे पंहुचे और दिवंगत रामलाल मुंडा के परिजनों से मिलकर ढांढस बंधाया और श्राद्धकर्म के लिए खाद्य सामग्री सहयोग के रूप में दी। कमलेश राम ने कहा कि भाजपा की विचारधारा है कि जन सेवा ही सबसे बड़ी सेवा है। इसलिए मुझे जब भी मौका मिलता है, गरीबों के बीच जाकर उनकी सेवा करता हूं और आगे भी करता रहूंगा। मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता सुरेंद्र गोप, रघुनंदन ठाकुर, रंजीत ठाकुर, पवन मुंडा व अन्य उपस्थित रहे।

विदित हो कि पिछले वर्ष केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 15 नवंबर को बहादुर आदिवासी स्वतंत्रता सेनानियों को सम्मानित करने हेतु जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मंजूरी दी है।

## झारखंड नवनिर्माण मंच ने 1932 आधारित खतियान स्थानीयता का किया विरोध

रांची। झारखण्ड नवनिर्माण मंच के केंद्रीय अध्यक्ष कैलाश यादव ने विधानसभा के विशेष सत्र में पारित 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति के बिल का विरोध किया है। कहा कि 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति किसी भी हाल में संवैधानिक निर्णय नहीं है क्योंकि देश की आजादी के पहले के कानून को भारत का संविधान इजाजत नहीं देता है। भारत के किसी भी राज्य में 3 वर्ष या अधिकतम 15 वर्षों से रहने वाले लोगों को राज्य का स्थानीय निवासी माना जाता है। सीएम हेमंत सोरेन ने आधिकारिक बयान दिया था कि किसी भी हाल में 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति लागू नहीं हो सकता है, क्योंकि यह विषय असंवैधानिक है। उसके बाद किस कारण से राज्य के लोगों को बेवकूफ बनाने का काम कर रहे हैं।

# नन-इंटरलॉकिग कार्य की वजह से सात जोड़ी ट्रेनें रद्द, रूट डायवर्ट

रांची। झारखंड के रांची और टाटानगर, बिहार के पटना, बंगाल के हावड़ा और सांतरागाछी, ओड़िशा के झारसुगुड़ा के अलावा छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र से चलने वाली आधा दर्जन से अधिक ट्रेनों को 16 नवंबर तक रद्द कर दिया गया है। कई ट्रेनों के रूट भी डायवर्ट किये गये हैं। दक्षिण पूर्व रेलवे ने यह जानकाकरी दी है। दक्षिण पूर्व रेलवे की ओर से दी गयी जानकारी के मुताबिक, बिलासपुर मंडल में नन-इंटरलॉकिंग कार्य की वजह से 7 जोड़ी ट्रेनें रद्द रहेंगी।

**इन ट्रेनों को किया गया रद्द**

- 18109/18110 टाटानगर-इतवारी-टाटानगर एक्सप्रेस 11 से 16 नवंबर तक रद्द।
- 18113/18114 टाटानगर-बिलासपुर-टाटानगर एक्सप्रेस 11 से 16 नवंबर तक रद्द।
- 22512 कामाख्या-एलटीटी एक्सप्रेस 12 नवंबर को रद्द।
- 22511 एलटीटी-कामाख्या एक्सप्रेस 15 नवंबर को रद्द।
- 12870 हावड़ा-मुंबई सीएसएमटी एक्सप्रेस 11 नवंबर को रद्द।
- 12869 मुंबई सीएसएमटी-हावड़ा एक्सप्रेस 13 नवंबर को रद्द।
- 12767 हजूर साहिब नांदेड़-सांतरागाछी एक्सप्रेस 14 नवंबर को रद्द।
- 12768 संतारागाछी-हजूर साहिब नांदेड़ एक्सप्रेस 16 नवंबर को रद्द।
- 22843 बिलासपुर-पटना एक्सप्रेस 11 नवंबर को रद्द।
- 22844 पटना-बिलासपुर एक्सप्रेस 13 नवंबर को रद्द।
- 12812 हटिया-एलटीटी एक्सप्रेस 11 और 12 नवंबर को रद्द।
- 12811 एलटीटी-हटिया एक्सप्रेस 13 और 14 को रद्द।
- 08861 गोंदिया-झारसुगुड़ा स्पेशल 11 से 16 नवंबर तक रद्द।
- 08862 झारसुगुड़ा-गोंदिया स्पेशल 12 से 17 नवंबर तक रद्द।

# टीपीसी के नाम पर पेट्रोल पंम मालिक से रंगदारी मांगने वाला उग्रवादी गिरफतार

खबर मन्त्र ब्यूरो



रांची। सुखदेव नगर थाना पुलिस ने पेट्रोल पंम मालिक से रंगदारी मांगने वाल टीपीसी उग्रवादी को गिरफ्तार कर कई मामले का खुलासा किया है। आरोपी द्वारा हाल के दिनों में राजधानी रांची के कई कारोबारी से रंगदारी की मांग की जा रही थी। सुखदेव नगर थाना क्षेत्र स्थित श्री गोपाल ऑटो मोबाइल, पेट्रोल पम्प मालिक से टीपीसी के नाम पर वाट्सएप से कॉल कर धमकी देने का आरोप में एक उग्रवादी को गिरफ्तार किया गया है। हजारीबाग जिले के बड़कागांव थाना क्षेत्र स्थित उड़ी माली निवासी करण कुमार को सुखदेव नगर थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

सिटी एसपी अंशुमन कुमार ने मीडिया को बताया कि आरोपी पेट्रोल पंप मालिक को 6 नवंबर को टीपीसी के नाम पर कॉल कर करण ने रंगदारी मांगी थी। पेट्रोल पम्प के मालिक के द्वारा कॉल को कट कर दिया गया, इसके बाद आरोपी द्वारा एके 47 का फोटो और हथियारबंद व्यक्ति का फोटो भेजकर धमकी दिया गया। इस संबंध में पेट्रोल पम्प के मालिक द्वारा सुखदेवनगर थाना लिखित शिकायत की गई थी। कोतवाली डीएसपी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। पुलिस कार्रवाई करते हुए उस नम्बर के उपयोगकर्ता का पता लगाया और करण कुमार उराँव को रांची के जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र से गिरफतार किया गया। आरोपी द्वारा पिठोरिया के फ्लाई एश ब्रिक्स प्लांट के मालिक से भी 5 लाख रुपये की रंगादारी मांगी गयी थी। 6 अक्टूबर को ही रातू के पिर्रा पेट्रोल पम्प के मालिक को भी फोन कर रंगदारी मांगी गयी थी। घटना में संलिप्त अन्य अपराधियों का गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

**टीपीसी उग्रवादी विनोद महतो ने रंगदारी मांगने की दी थी सलाह**

पुलिस गिरफ्त में आए अपराधी करण ने पुलिस को पूछताछ में बताया कि बीते अक्टूबर माह में ओरमांझी के मधुबन में बिनोद महतो से भेंट हुई तो उसने अपने आपको टीपीसी का सब जोनल कमांडर बताते हुए कहा कि मेरे साथ काम करो बहुत सारा पैसा मिलेगा। इसके बाद ये और बिनोद महतो कुछ और लड़कों के साथ टीपीसी के नाम पर रांची के व्यावसायियों से व्हाट्सएप कॉल कर रंगदारी मांगता था।

## केंद्रीय संचार ब्यूरो ने किया जनजातीय गौरव दिवस के तहत दो दिवसीय कार्यक्रम

# स्वतंत्रता आंदोलन में धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा का योगदान अद्वितीय : अतुल

खबर मन्त्र ब्यूरो



रांची। केंद्रीय संचार ब्यूरो, क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा धरती आबा जयंती एवं जनजातीय गौरव दिवस के मौके पर खूंटी जिला के कालामाटी स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। मौके पर जागरूकता रैली, सेमिनार, सांस्कृतिक गीत एवं नृत्य आदि का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा एवं वीर सिद्धू कान्हू की तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर डीएसओ अतुल कुमार चौबे ने कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन में भगवान बिरसा मुंडा का योगदान अद्वितीय है। पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा जनजातीय गौरव दिवस की घोषणा से वीर सपूतों को याद किया जा रहा है। मौके पर नलिनी रंजन, अनिल दुबे, मुखिया अनिमा कच्छप, ज्योति कुमारी एवं महविश रहमान ने भी संबोधित किया। प्रखंड कल्याण पदाधिकारी श्री अनिल दुबे ने कहा कि जनजातीय गौरव दिवस पर आने वाली पीढ़ियां महान जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग, संघर्ष व बलिदानों के बारे में जान सकेंगे। इस अवसर पर जागरूकता रैली निकाली गई। रैली प्रारंभ होने से पूर्व प्रतिभागियों के बीच केंद्रीय संचार ब्यूरो द्वारा टोपी वितरण किया गया।

**पांच दिवसीय मल्टीमीडिया प्रदर्शनी 15 नवंबर से :** मालूम हो कि भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय संचार ब्यूरो, रांची द्वारा 15 नवंबर को पांच दिवसीय मल्टीमीडिया प्रदर्शनी का उदघाटन खूंटी स्थित बिरसा मुंडा कॉलेज परिसर में किया जायेगा।

जनजातीय मामलों के केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के कर कमलों द्वारा उद्घाटन किया जायेगा। इस प्रदर्शनी में भगवान बिरसा मुंडा के साथ शहीद बुधु भगत, सिद्धू-कान्हू, नीलांबर-पीतांबर, शेख भिखारी, तेलंगा खड़िया, फूलो जाहनो, टिकैत उमराव सिंह जैसे विभिन्न जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों को भी रेखांकित किया जायेगा।

# कोयला उद्योग के लिए महत्वपूर्ण है सीएमपीडीआइ की सेवाएं : सरन

## कोल इंडिया के स्थापना दिवस पर पुरस्कार वितरित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची ।** सीएमपीडीआई द्वारा कोल इंडिया स्थापना दिवस समापन-सह-पुरस्कार वितरण समारोह शुक्रवार को मनाया गया। इस समारोह के मुख्य अतिथि सीएमपीडीआई के पूर्व सीएमडी एस सरन ने कोल इंडिया एवं सीएमपीडीआई के साथ अपने संबंध के बारे में जानकारी दी और भारतीय कोयला खनन उद्योग में बदलती परिस्थितियों में सीएमपीडीआई की चुनौतियों, अवसरों, संभावनाओं और जिम्मेदारियों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि सीएमपीडीआई की सेवाएं कोयला मंत्रालय और कोयला उद्योग के लिए महत्वपूर्ण हैं। गैर कोयला क्षेत्र में सीएमपीडीआई के व्यवसाय के विविधीकरण, कैप्टिव खानों के लिए परामर्श, 2डी और 3डी सिस्मिक प्रौद्योगिकियों का व्यापक उपयोग, स्वच्छ कोयला टेक्नोलॉजी, पर्यावरण सेवाओं, कोयला गैसीकरण और यूएवी के अनुप्रयोग आदि पर बल दिया। उन्होंने थ्रीडीयानिडेडिकेशन, डिस्पिलीन और डिसिजन के महत्व को बताया और सभी से भारत को समृद्ध बनाने में मदद करने का आग्रह किया।

इस अवसर पर सीएमपीडीआई के सीएमडी मनोज कुमार ने भविष्य की चुनौतियों एवं बदलावों के मद्देनजर रणनीतिक कदम के तहत वर्तमान बिजनेस प्लानिंग, श्रमशक्ति,मशीन्स एवं पूंजी का अध्ययन कर क्षमता बढ़ाने के उपाय, कोयले और खनिज के परिदृश्य पर विचार करने की आवश्यकता पर बल दिया। इस दिशा में आगे बढ़ने हेतु पोटेशिंल lबिजनेस प्रॉस्पेक्ट्स को पूरा करने, नामी बिजनेस सलाहकार को शामिल करने, अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मामले को अध्ययन करने एवं व्यापार अवसरों को ध्यान में रखकर सीएमपीडीआई की भविष्य की रणनीति हेतु एक रोडमैप तैयार करने की आवश्यकता पर जोर दिया। इस समारोह में सीएमपीडीआई के कर्मियों को उनके कार्यक्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान के लिए विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कृत किया गया।

इस अवसर पर सीएमपीडीआई के निदेशक (तकनीकी/आरडीएंडटी) आरएन झा, निदेशक (तकनीकी/ सीआरडी) एसके गोमास्ता, निदेशक (तकनीकी/ ईएस) शंकर नागाचारी, निदेशक (तकनीकी/ पीएंडडी) अजय कुमार, मुख्य सतर्कता अधिकारी सुमीत कुमार सिन्हा, वरीय सलाहकार (माइनिंग) एके राण, सभी क्षेत्रीय निदेशक, महाप्रबंधकगण, जेसीसी सदस्य एवं सीएमओएआई के प्रतिनिधि उपस्थित थे। समारोह की शुरूआत दीप प्रज्जवलन एवं कोल इंडिया गान से हुआ।

### बुढ़मू व खेलारी में डालसा ने चलाया डोर टू डोर अवेयरनेस

**रांची।** माननीय झालसा के निर्देश पर माननीय न्यायायुक्त-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के मार्गदर्शन में पैन इंडिया जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन 31 अक्टूबर से 13 नवम्बर, 2022 तक रांची जिला के सभी ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में होना सुनिश्चित हुआ है।

इसी कड़ी में शुक्रवार को बुढ़मू प्रखंड बुढ़मू बस्ती में एवं खेलारी प्रखंड के चुरी दक्षिण पंचायत अंतर्गत सामुटोली गांव एवं लपरा पंचायत एवं मैक्लुस्कीगंज में डोर-टू-डोर जाकर जागरूकता कार्यक्रम किया गया।

लोगों को विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं के विषय में जानकारी दी गई। साथ ही लोगों को वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन एवं दिव्याग पेंशन योजना, राशन कार्ड, मनरेगा, किसान सम्मान निधी योजना, फसल राहत योजना, बाल विवाह, बाल मजदूर, डायन प्रथा, एवं स्पॉनसरसीप के वारे लोगों को बतायी गई। इसके साथ ही डी.ए.वी स्कूल खेलारी में बच्चों के बीच लिगल लिट्रेसी क्लास का आयोजन कर छात्रों को दी गयी विधि की जानकारी।

## एक नजर में

### बैंक पेंशनर्स संगठन की बैठक कल

**रांची।** अखिल भारतीय बैंक पेंशनर्स और सेवानिवृत बैंक अधिकारियों के फेडरेशन ने रविवार को एक बैठक बुलाई है। संगठन की झारखंड राज्य यूनिट ने 13 नवंबर को सेक्टर तीन स्थित विवेकानंद विद्या मंदिर में सुबह दस बजे से यह मीटिंग आहूत की है। इस संबंध में जानकारी देते हुए संगठन के सचिव डी सेन गुप्ता ने कहा कि सेवानिवृत अधिकारियों के कल्याण की योजनाओं को सुनिश्चित करने और विविध बिदुओं पर विमर्श करने के लिये राज्य भर से संगठन के प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम में अध्यक्ष केवी आचार्या, महासचिव सुप्रीया सरकार का संबोधन होगा। राज्य के विभिन्न हिस्सों से लगभग 300 प्रतिनिधि इस कार्यक्रम में भाग लेंगे। इस कार्यक्रम में संगठन के तीन वर्षो के कार्य का लेखा जोखा भी प्रस्तुत किया जाएगा। कार्यक्रम में 2022-2025 काल के एक्जक्यूटिव कमेटि का भी चयन किया जाएगा। यहजानकारी सचिव डी सेनगुप्ता ने दी।

### कैंब्रियन पब्लिक स्कूल में मना शिक्षा दिवस




**रांची।** कैंब्रियन पब्लिक स्कूल कांके रोड में शुक्रवार को राष्ट्रीय शिक्षा दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय की साइबर कमेटी की ओर से कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। 'पारंपरिक शिक्षा बनाम आधुनिक शिक्षा' विषय पर आयोजित वाद- विवाद प्रतियोगिता में वर्ग 'अ' में गोदावरी हाउस और यमुना हाउस क्रमशः विजेता और उपविजेता रहे। जबकि वर्ग 'ब' में गोदावरी हाउस विजेता और गंगा हाउस उपविजेता रहा। इस अवसर पर बच्चों ने शिक्षा पर आधारित स्लोगन और पोस्टर प्रस्तुत किया। प्रातःकालीन सभा में छात्रा खुशी श्रीराज राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। वैभव और उन्नति ने राष्ट्रीय शिक्षा पर आधारित क्विज का संचालन किया। मौके पर उप प्राचार्य उज्जवल कुमार नायक, एक्टिविटी को-ऑर्डिनेटर आशा राज, विनीता वर्मा, ममता पाठक एवं आईटी इंचार्ज मनोज कुमार मिश्रा ने शिक्षा की आवश्यकता और उपलब्धियों पर विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक प्रवीण कुमार और अनुप नंदन प्रसाद ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम का संयोजन एक्टिविटी को-ऑर्डिनेटर आशा राज जबकि संचालन शिक्षिका मनीषा कुमारी ने किया।

### ब्रदर्स ऑटोमोबाइल में सीएनजी स्टेशन खुला



**रांची।** गेल इंडिया लिमिटेड और ब्रदर्स ऑटोमोबाइल हरमू रांची में शुक्रवार को सीएनजी स्टेशन की शुरूआत हाई कंप्रेसर के साथ की गई। उद्घाटन के मौके पर मनीष गर्ग टेरिटरी मैनेजर भारत पैट्रोलियम, संजय सिंह सीजीएम गेल इंडिया, बीपी टोप्पो जीएम गेल इंडिया, रोशन टोप्पो सीनियर मैनेजर सेल्स, आरपी लेपचा, असिस्टेंट मैनेजर इंजीनियरिंग, अमित कुमार साइट इंजीनियर गेल, मानस सरकार एम ट्रेक्टा बेल, अजय कुमार सीनियर मैनेजर गेल, अभिलाष साहू, श्यामल साहू, विजय खाखा, समेत कई लोग मौजूद थे। इस मौके पर सीजीएम गेल इंडिया ने कहा कि 2 किलोमीटर के क्षेत्र में कोई भी सीएनजी स्टेशन नहीं है। इसके खुल जाने पर ग्राहकों को सुविधा होगी। इस सीएनजी स्टेशन में उच्च कंप्रेसर के साथ सीएनजी की सुविधा दी जा रही है और सारी सुरक्षा की व्यवस्था की गई है।

## छात्रों ने किया उत्कृष्ट कला का प्रदर्शन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** लैक्मे अकादमी सौंदर्य प्रशिक्षण की एक अग्रणी अकादमी है। यह खासकर लैक्मे ब्यूटीशियन कोर्स के अंतर्गत कॉस्मेटोलॉजी, त्वचा, बाल, सौंदर्य चिकित्सा और श्रृंगार में प्रमाणित सौंदर्य पाठ्यक्रम को फैशन, सौंदर्य, फिल्म और मनोरंजन जैसे उद्योगों में रोमांचक कैरियर के लिए बनाया गया है। एप्टेक द्वारा पावर्ड लक्मे एकेडमी प्रशिक्षण के बेसिक और एडवांस्ड कोर्स के कई स्तर उपलब्ध कराती है। इसके प्रत्येक कोर्स सौंदर्य और कॉस्मेटोलॉजी के पाठ्यक्रमों को प्रदर्शित करते है।

इस एकेडमी द्वारा पेशेवर तकनीकी प्रशिक्षण प्राप्त होता है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि साबिर हुसैन ने सभी छात्राओं का हौसला बढ़ाते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। संचालक संजय मेहता ने बताया कि वर्तमान युग विकासशीलता का ऐसा युग है, जहां प्रत्येक व्यक्ति अपने कैरियर को लेकर बहुत ही सजग है। वर्तमान परिस्थितियों में सौंदर्य उद्योग में कैरियर बनाने और आत्मनिर्भर होकर रोजगार प्राप्त करने का एक बहुत ही अनुकूल समय है। बताया कि प्रतिभाशाली व्यक्ति सौंदर्य उद्योग में अपना कैरियर बनाते हुए आकर्षक आय अर्जित कर सकते हैं। जिसमें सौंदर्य उद्योग से जुड़ने की आकांक्षा है और वह एक सफल ब्यूटीशियन बनना चाहता है तो उसे सही प्रशिक्षण ,मार्गदर्शन और उपयुक्त प्रमाणीकरण की आवश्यकता होती है।

## छात्रा आयुषी चौधरी संसद भवन में राष्ट्रीय नेताओं को देगी पुष्पांजलि

**सरला बिरला पब्लिक स्कूल के लिए गौरवशाली क्षण : प्रदीप वर्मा**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल की सत्र 2021-22 की छात्रा आयुषी चौधरी को संसद भवन में राष्ट्रीय नेताओं को पुष्पांजलि अर्पित करने के कार्यक्रम में भाग लेने के लिए चुना गया है। आयुषी ने आजादी का अमृत महोत्सव के अवसर पर राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भाग लिया था और जनवरी में उद्धरण लेखन सह कविता लेखन प्रतियोगिता में प्रथम रनर अप रही। तीन नवंबर को उसे सूचित किया गया कि उन्हें 14 नवंबर 2022 को भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की जयंती पर राष्ट्रीय नेताओं को श्रद्धांजलि देने के लिए चुना गया है। इस विशिष्ट यात्रा के साथ उन्हें वहां रहने के अतिरिक्त, संसद भवन, संसद संग्रहालय, प्रधानमंत्री संग्रहालय और राष्ट्रीय युद्ध स्मारक आदि का भ्रमण कराया जायेगा। आयुषी ने बताया कि उसकी प्रतिभा को पहचान कर उसे इस विशेष अवसर के लिए तैयार करने में विद्यालय का विशेष योगदान रहा है। विद्यालय के कार्मिक एवं प्रशासनिक प्रमुख डॉ. प्रदीप वर्मा ने छात्रा को बधाई दी और उसके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दी। प्राचार्या परमजीत कौर ने कहा कि वह छात्रा की उपलब्धि से प्रसन्न हैं और उन्होंने छात्रा को उसके सुनहरे भविष्य के लिए आशीर्वाद दिया।

### एकता कमेटी ने मनाया मौलाना आजाद जयंती

रांची। सामाजिक संस्था भारतीय एकता कमेटी के तत्वावधान में शुक्रवार को देश के प्रथम शिक्षा मंत्री और स्वतंत्रता सेनानी हजरत मौलाना अबुल कलाम आजाद का जयंती समारोह मनाया गया। कमेटी के संस्थापक अध्यक्ष गुलाम मुस्तफा ने इस मौके पर अपने संदेश में हजरत मौलाना अबुल कलाम आजाद भारत के सर्वोपरि नेता थे। वे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, लौह पुरुष वल्लभभाई पटेल, संविधान रचयिता बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर और देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के हर पल साथ-साथ रहते थे।वे हिंदू मुस्लिम एकता भाईचारा के मिसाल थे। नजरबंदी के दौरान रांची में रहे थे।

मदरसा इस्लामिया और अंजुमन इस्लामिया जीता जागता मिसाल है, जिसको सजाने और संवारने की जिम्मेवारी अब हम लोगों की है और हर जुमा को मौलाना अबुल कलाम आजाद हर जुम्मा को जामा मस्जिद अपर बाजार में तकरीर करते थे। उनकी तकरीर ऐसी होती थी कि दूर दूर से लोग उसे सुनने आते थे। सभी धर्म समुदाय के लोग उनके तकरीर को सुनते थे।

### मृणालिनी अखौरी ने गजलों से बांधा समा



**रांची।** झारखंड की सुप्रसिद्ध गायिका डॉक्टर मृणालिनी अखौरी ने विश्व प्रसिद्ध हरिहर क्षेत्र सोनपुर मेले में अपने गीत-गजलों की शानदार प्रस्तुति दी, जिसे श्रोताओं और अधिकारियों ने काफी सराहा। कार्यक्रम के बाद डॉक्टर मृणालिनी अखौरी को टीडीएम शरण के हाथों मोमेंटो और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। डॉक्टर मृणालिनी ने एक से बढ़कर एक गजल प्रस्तुत की। उन्होंने सबसे पहले किसी नजर को तेरा इंतजार आज भी है... होशवालों को खबर क्या बेखुदी क्या चीज है... चांदी जैसा रंग है तेरा... और चिट्ठी आई है जैसी गजलें गाकर श्रोताओं की खूब तालियां बटोरी। उनके साथ देव कुमार एंड ग्रुप ने संगत किया।

### वार्ड 43 व 44 में 1027 मामलों का निबटारा

रांची। आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को रांची नगर निगम द्वारा वार्ड 43 एवं वार्ड 44 में शिविर आयोजित कर उक्त दोनो वार्ड के आम नागरिकों को निगम प्रदत्त सेवाओं की जानकारी दी गयी। साथ ही लोगों से आवेदन पत्र प्राप्त किए गए। शिविर में वाडर्ड 43 से 862 तथा वार्ड 44 से 165 मामलों का निबटारा किया गया। बताते चलें कि आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत निगम द्वारा प्रतिदिन दो वार्डों में शिविर लागार निगम द्वारा चलायी जा रही योजनाओं की जानकारी देने का सिलसिला जारी है। तथा लोगों को बताया जा रहा है कि वे इन योजनाओं का लाभ किस प्रकार ले सकते है। शनिवार को वार्ड 45 व 46 में शिविर आयोजित की जाएगी।

## आदिवासी की पहचान मिटाने की हो रही है साजिश : बंधन तिग्गा

**राष्ट्रीय आदिवासी समाज सरना धर्म रक्षा अभियान की संविधान क्लब दिल्ली में राष्ट्रीय प्रतिनिधि सभा की बैठक**

**खबर मन्त्र संवाददाता**





रांची। राष्ट्रीय आदिवासी समाज सरना धर्म रक्षा अभियान के अनुषंगी संगठनों के तत्वावधान में शुक्रवार को नई दिल्ली स्थित भारत का संविधान क्लब में विभिन्न राज्यों के सरना धर्मावलंबियों की राष्ट्रीय प्रतिनिधि सभा आयोजित की गई ।इसकी अध्यक्षता धर्म गुरू बंधन तिग्गा ने की।

प्रतिनिधि सभा में विभिन्न राज्यों से आए प्रतिनिधियों ने सरना धर्म एवं सरना धर्म कोड पर प्रखर होकर अपनी बातें रखी तथा भारत सरकार के समझ इस मांग को मजबूती से रखने का संकल्प लिया। इसमें विभिन्न राज्यों के प्रतिनिधि के अलावा नेपाल, पश्चिम बंगाल, उड़ीसा, छत्तीसगढ़, आसाम, भूटान इत्यादि सरना धर्मावलंबियों शामिल हुए ।

धर्म गुरू बंधन तिग्गा ने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि आदिवासी की पहचान मिटाने की साज़िश हो रही है, देश की 18 करोड़ और झारखंड की एक तिहाई आबादी को अपनी पहचान से अभी तक वंचित रखा गया है। शिक्षाविद डा. करमा उरांव ने कहा कि प्राकृतिक सरना धर्म विश्व धर्म है , लेकिन विडम्बना ये है कि आज तक उसे पहचान नही दी गई , देश के सभी आदिवासी सरना धर्मावलंबियों की मांग है कि सरना धर्म कोड को जनगणना प्रपत्र में शामिल किया जाए, भारत के आदिवासियो को धार्मिक पहचान और आजादी मिलनी चाहिए ।

केन्द्रीय सरना संघर्ष समिति के प्रदेश अध्यक्ष शिवा कच्छप ने कहा कि आजादी के 76 साल होने के बाद भी सरना धर्म कोड नही मिलना अन्याय है, इसके लिए जाति पार्टी से उपर उठकर नई सिरे से आंदोलन करने की जरूरत है । अलग से धर्म कोड नही होने के कारण हमारी गणना हिन्दू या अन्य में की जा रही है। प्रतिनिधि सभा को जिला परिषद अध्यक्ष निर्मला भगत , सलखान मुर्मू , संजय पहान , मध्यप्रदेश विधायक हीरालाल अल्वा इत्यादि ने प्रतिनिधि सभा को संबोधित किया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगो में अनिल कुमार भगत, कमले उरांव, बिरसा कांडील , संगम उरांव, दुर्गावती ओड़िया, रवि तिग्गा, नारायण उरांव राजेश भगत, भगवान दास मुंडा, बिरसा उरांव, प्रभात उरांव, विघासागर केरकेट्टा मथुरा कंडील आदि शामिल थे।

### महिला के शव की अब तक पहचान नहीं



**रांची।** राजधानी के पुंदाग थाना क्षेत्र के नयासराय पुल के पास गुरुवार को मिली मृत महिला के शव की पहचान नहीं हो पाई है। पहचान नहीं हो पाने की वजह से पुलिस इस हत्या की गुत्थी को सुलझाने में कामयाब नहीं हो पा रही है। वहीं पोस्टमार्टम में महिला के साथ दुष्कर्म का मामला सामने नहीं आने के बाद पुलिस ने राहत की सांस ली है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में इस बात का जिक्र है कि महिला के सिर पर किसी हथियार से कई बार वार किए गए हैं, जिसकी वजह से उसकी मौत हुई है।

**हर थानों में भेजी गयी तस्वीर:** अज्ञात महिला के शव की पहचान नहीं हो पाने की वजह से पुलिस फिलहाल किसी भी नतीजे पर नहीं पहुंच पा रही है। शव की पहचान के लिए पुंदाग पुलिस ने कई थानों को महिला की तस्वीर भेजी है लेकिन, अब तक पुलिस को महिला के बारे में कुछ पता नहीं चल पाया है।


**शपथ पत्र**

**नोटरी पब्लिक, रांची**

मैं गुड़िया देवी, पति सुनील कुमार झा, निवासी मकान नं.-112 अक जोड़ा तालाब, पोस्ट- बरियातू, थाना बरियातू, जिला-रांची, झारखंड- 834009, शपथ पूर्वक बयान देती हूं कि निम्नलिखित बातें मेरी जानकारी में सही व सत्य है :-

1. यह कि मैं भारतीय नागरिक हूं एवं उपरोक्त पते की निवासी हूं।
2. यह कि मेरा आधार नं.-6800 20152683 है।
3. मेरा नाम संगीता झा है जो कि मेरे आधार कार्ड में अंकित है, जो कि भूलवश अंकित हो गया है।
4. मेरा वास्तिविक नाम गुड़िया देवी है, एवं अब मैं गुड़िया देवी के नाम से जानी जाऊंगी।
5. यह शपथ पत्र मैं अपने नाम संगीता झा के स्थान पर गुड़िया देवी को सत्यापित करने हेतु संपन्न कर रही हूं।
6. उपरोक्त वर्णित बातें सही एवं सत्य है। गलत सूचना की जिम्मेवारी मेरी होगी।

यह शपथ पत्र आज दिनांक 11 नवंबर 2022 को रांची में संपन्न हुआ। उपरोक्त शपथकर्ता जिनका पहचान अधिवक्ता आसीफ एकबाल रांची ने किया कि उपरोक्त बातें शपथकर्ता के जानकारी में सही वो सत्य है।

**शपथकर्ता : गुड़िया देवी**
**पहचानकर्ता : आसिफ एकबाल, अधिवक्ता, रांची।**


## झारखंड के 13 दिव्यांग खिलाड़ी गुवाहाटी रवाना

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**22 वीं नेशनल पेरा स्विमिंग चैंपियनशिप में लेंगे भाग**

रांची। 22 वीं नेशनल पेरा स्विमिंग चैंपियनशिप 2022 का आयोजन 11 से 13 नवंबर तक गुवाहाटी असम के डॉ जाकिर हुसैन कंपलेक्स में किया गया है। इस चैंपियनशिप में भाग देने हेतु झारखंड से भी 13 सदस्यीय टीम गुवाहाटी रवाना हुई। टीम में पांच ऑफिसर पेरालिंपिक कमेटी ऑफ झारखंड के प्रदेश उपाध्यक्ष विजय कुमार दत्ता, कमेटी के सीईओ पेरा स्विमिंग ईस्ट जोन के सचिव सुनील कुमार विश्वास, कमेटी के वित्तीय प्रबंधक विवेक राज, कोच उज्जवल घोष, कार्यसमिति सदस्य गोवर्धन रजक टीम का नेतृत्व कर रहे हैं। चैंपियनशिप में देश के 25 राज्यों से लगभग 1000 दिव्यांग खिलाड़ी भाग लेंगे। इस चैंपियनशिप का मेजबानी पेरालिंपिक एसोसिएशन असम द्वारा किया जा रहा है। झारखंड से भाग लेने वाले खिलाड़ियों में धनबाद से राजकुमार रवानी, सुनील कुमार वर्मा, गोवर्धन रजक, ओम प्रकाश चौहान, शेरू कुमार भुईया, अशोक कुमार भुइया, देवघर से उज्जवल घोष, मधुपुर से हरिलाल टूडू, रामगढ़ से रंजीत कुमार, जितेंद्र पटेल, बोकारो से महावीर चौधरी, साहेबगंज से डॉक्टर घोष, पलामू से मुकेश कुमार चौबे, शामिल है। सभी खिलाड़ी प्रशिक्षण होकर चयनित किए गए हैं। सभी खिलाड़ी एवं पेरालिंपिक कमेटी ऑफ झारखंड के 5 पदाधिकारी गण नेशनल पेरा स्विमिंग चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए 10 नवंबर को गुवाहाटी के लिए रवाना हुए। पैरालंपिक कमेटी ऑफ इंडिया के चयन कमेटी के चेयरमैन डॉक्टर शिवाजी कुमार, कमेटी के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष शशि रंजन प्रसाद, उपाध्यक्ष विजय कुमार दत्ता, कमेटी के सीईओ सुनील कुमार विश्वास, खेल निदेशक सुगंध नारायण, स्टेट कोऑर्डिनेटर कमल कुमार अग्रवाल, स्टेट मीडिया को-ऑर्डिनेटर संजय सर्राफ ने सभी खिलाड़ियों क अच्छे प्रदर्शन करने के लिए शुभकामनाएं दी। उक्त जानकारी कमेटी के स्टेट मीडिया कोऑर्डिनेटर संजय सर्राफ ने दी।

### मौलाना आजाद कप बैडमिंटन टूर्नामेंट शुरू

**रांची।** स्वतंत्रता सेनानी तथा देश के प्रथम शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद के जन्मदिन के मौके पर राजधानी रांची के मॉर्निंग ग्रुप के तत्वाधान में जीईएल चर्च काम्प्लेक्स में आज से मौलाना आजाद कप बैडमिंटन टूर्नामेंट2022 का शुभारंभ किया गया। इस टूर्नामेंट का पहला मैच शुक्रवार को खेला गया। मौलाना आजाद कप बैडमिंटन टूनामेंट-2022 का पहले मैच में डॉ शेरान अली और परवेज आलम की जोड़ी की भिड़ंत कफील खान और मो इमरान की जोड़ी के साथ हुई। डॉ शेरॉन अली और परवेज आलम की जोड़ी ने अव्वल प्रदर्शन करते हुए कफिल खान व मो इमरान की टीम को करारी शिकस्त दी। टूर्नामेंट में दूसरा मैच में मो मिमशाद और मो शरफुद्दीन की जोड़ी ने कांटे की टक्कर में मो मीर और मुस्तकीम आलम की जोड़ी को हराया।

## स्पीड न्यूज

### रातू में भाजपा का धरना-प्रदर्शन आज

**रातू।** भारतीय जनता पार्टीए विकास योजनाओं में मची लूट और भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलित है। दोनों मंडल के भाजपाई 12 नवंबर को विधायक नवीन जायसवाल की अगुआई में दिन के 11 बजे प्रखंड कार्यालय का घेराव करेंगे। धरना-प्रदर्शन भी किया जायेगा। यह जानकारी मंडल अध्यक्ष रूपेश महतो ने दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम की तैयारी पूरी कर ली गयी है।

### जीएम के तबादले को लेकर सौंपा ज्ञापन

**खलारी।** सीसीएल एन. के. एरिया के जीएम संजय कुमार के रवैये से क्षुब्ध भाजपा खलारी मंडल के कार्यकताओं ने प्रदेश महामंत्री सह राज्य सभा सांसद प्रोफेसर आदित्य साहू को उनके तबादले के निमित एक ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में कार्यकताओं ने एन. के. जीएम पर अवैध गतिविधियों में शामिल माफियाओं को प्रश्रय देने का आरोप लगाया है। सांसद आदित्य प्रसाद साहू ने मामले पर गंभीरता से विचार करने अग्रेतर कार्यवाही करने का भरोसा कार्यकताओं को दिलाया है।

### बुढ़मू में डालसा का जागरूकता कार्यक्रम

**बुढ़मू।** झालसा के निर्देश जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के मार्गदर्शन में पैन इंडिया जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन बुढ़मू में किया गया। लोगों को विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं के विषय में जानकारी दी गई साथ ही वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन एवं दिव्याग पेंशन योजना, राशन कार्ड, मनरेगाए किसान सम्मान निधी योजनाए फसल राहत योजनाए बाल विवाह, बाल मजदूरए डायन प्रथाए एवं स्पॉनसरसीप के बारे में जानकारी दी गयी। डालसा के पीएलवी ने उपस्थित लोगों को जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची से मिलने वाली सुविधाओं के बारे में बताया।

### वज्रपात में मृतक के परिजनों को मिलेगा चार-चार लाख का चेक

**बुढ़मू।** 15 नवंबर को मोरहाबादी मैदान में राष्ट्रपति महोदया के हाथों चकमे निवासी स्व0 रमेश मुंडा की आश्रित मंगरी देवीए स्व0 बंधन मुंडा के आश्रित अशोक मुंडाए चांया निवासी स्व0 जुलफान अंसारी की आश्रित रहिसा खातुनए गिंजोठाकुरगांव निवासी स्व0 रमेश साहु की आश्रित सावित्री देवी और बेड़वारी निवासी स्व0 संगीता देवी के आश्रित राजेंद्र महतो को चार . चार लाख रूपया का चेक प्राकृतिक आपदा वज्रपात से मृत व्यक्तियों के परिजनों को दिया जाएगा।

### सुमानडीह में पायनियर कंपनी ने मनाया फसल प्रदर्शनी दिवस

**बुंडू।** कोटेवा एग्री साइंस कंपनी के द्वारा फसल प्रदशर्नी दिवस मनाया गया। जिसमें रांची जिला के टीएसएम संजीत कुमार और ईटीआई एमडी गोपाल मेहता ने फसल प्रदशर्नी के मौके पर किसानों के माथे पर तौलिया बाध एवं सार्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। साथ ही बुंडू ब्लॉक के एमडीआर दुबराज सिंह मुंडाए पंकज कुमार के द्वारा कार्यक्रम के सफल संचालन में मुख्य योगदान रहा। वहीं पायोनियर स्ताईस पी सांईतीस दो नंबर जमीन खेत पर सबसे अधिक उपज दिया। मौके पर सुमानडीह के सैकड़ों किसानों में शीतल माताए सत्यनारायण महतोए प्रभादेवीए धनेश्वर महतो मौजूद थे।

### बुढ़मू में भाजपा का आक्रोश रैली

**बुढ़मू।** शुक्रवार को बिरसा मुंडा स्टेडियम में आक्रोश प्रदर्शन सह रैली का आयोजन किया गया। आक्रोश प्रदर्शन सह रैली हेमंत हटाओए झारखंड बचाओ के नारे के साथ स्टेडियम परिसर से आरंभ होकर बुढ़मू थाना होते हुए प्रखंड परिसर में आकर समाप्त हुई। इस दौरान हेमंत सोरेन गद्दी छोड़ोए प्रखंड व अंचल में दलाली बंद करोए हेमंत सरकार बालू चोर सहित कई नारे लगाये गये। मौके पर मौजूद गंगोत्री कुजूरए सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार साहुए मनोज वाजपेयी व अन्य अतिथियों ने कार्यक्रम को संबोधित किया।

# छेड़छाड़ का विरोध करने पर छात्र को पत्थर से कूचकर मार डाला

## जतरा देखने गया था नाबालिग छात्र



घर के पास शोकाकुल परिजन और इनसेट में मृतक की फाइल फोटो।

खबर मन्त्र संवाददाता

**लापुंग।** लापुंग थाना क्षेत्र के ककरिया पंचायत अन्तर्गत सेमला गांव के दुर्गम क्षेत्र करम कांटा टोंगरी में अरमा डुमरडीहा निवासी और राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय अरमालटदाग का पूर्ववर्ती छात्र 15 वर्षीय लोको मुंडा पिता स्वर्गीय फेकू मुंडा की पत्थर से कूचकर नृशंस हत्या कर दी गई है। लापुंग पुलिस ने शुक्रवार को देर शाम लगभग 5.30 बजे घटनास्थल पहुंची और शव को बरामद किया। मृतक की उम्र लगभग 15 से 16 वर्ष बतायी जा रही है। मृतक लोको मुंडा के शव का पंचनामा कर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में ले लिया है। शव की पहचान उसकी मां बिरसी मुंडाईन और बहन पूनम कुमारी ने किया। ग्रामीण सूत्रों के अनुसार गुरुवार को देर शाम नगाड़ा टोंगरी जतरा देखने गया था और गांव की बच्चियों के साथ वापस लौट रहा था। तभी बच्चियों के साथ कुछ युवकों ने छेड़छाड़ शुरू कर दी थी। छेड़छाड़ का विरोध करने पर खदेड़ कर युवकों ने लोको मुंडा को पकड़ लिया और अपहरण कर लोको मुंडा को दूर अरमा डुमरडीहा और सेमला गांव के सीमावर्ती दुर्गम इलाके में ले जाकर पत्थर से कूचकर लोको मुंडा को मार डाला। इन सब बातों का खुलासा शुक्रवार की रात शव की पहचान करने के बाद ग्रामीणों ने बताई। मृतक लोको के शव को पोस्टमार्टम हेतू शनिवार को रिम्स भेजा जाएगा। लोको के शरीर पर ऊपर कपड़े नहीं हैं उसने काले रंग की जींस पहन रखी थी। ग्रामीण सूत्रों के अनुसार शव सेमला गांव से लगभग डेढ़ किलोमीटर दूर सुनसान इलाके में मिली है। शव को सबसे पहले सेमला के चरवाहों ने देखा बाद में धीरे.धीरे देर शाम तक पूरे गांव में चर्चा का विषय बन गया। गांव के ग्रामीणों ने शव होने की जानकारी लापुंग के थाना प्रभारी को दी इसके बाद सशस्त्र बलों के साथ घटनास्थल पहुंचे उन्होंने जांच पड़ताल शुरू किया।

### पुलिस कर रही जांच

लापुंग के थाना प्रभारी सुकुमार हेम्ब्रमए सब इंस्पेक्टर मनीष कुमार पूर्तिए सुशील कुमार मरांडी सहित कई पुलिस पदाधिकारी घटनास्थल पहुंचे और छानबीन किया। इस मौके पर थाना प्रभारी ने कहा कि फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। खून से सने पत्थर को भी पुलिस ने जब्त कर लिया है। पुलिस का दावा है कि बहुत जल्द हत्यारे पुलिस के कब्जे में होंगे।

# चोरी के सामान के साथ दो नाबालिग समेत तीन धराये

## पुलिस ने किया मामले का खुलासा

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** पुलिस ने थाना कांड संख्या 364/22 का खुलासा करते हुये दो नाबालिक समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इसमें सिल्ली बंता बिंदीटांड़ निवासी रमेशचंद्र महतो का पुत्र 30 वर्षीय बिरेंद्र नाथ महतो उर्फ करण प्रमुख है। उसे बेड़ो पतराटोली से गिरफ्तार किया गया। वहां उसका ससुराल है। अभियुक्तों पर डंडई हेहल निवासी संतोष उरांव के घर से 4 नवंबर को चोरी की घटना को अंजाम देने का आरोप है। भुक्तभोगी ने घटना के बाद लगातार चार दिनों तक अपने स्तर से सामान ढूंढने का प्रयास किया। थक.हार कर उन्होंने 8 को रातू थाने में बिरेंद्र नाथ महतो के अलावा दो अज्ञात के खिलाफ भादवि की धारा 454६ 380 के तहत प्राथमिकी दर्ज करायी थी। अवर निरीक्षक पिंटू कुमार केस के आईओ हैं।

### बरामद सामान

बिरेंद्र नाथ महतो पेशेवर है। इसके पास से तीन मोबाइल सेट के अलावा भारत गैस एजेंसी का एक सिलेंडर, वीवो कंपनी की मोबाइल, एक एलइडी टीवी और चोरी में प्रयुक्त मारुति कार जेएच 01 इए 2725 बरामद किया गया है। छापेमारी में थानेदार सपन कुमार महथा, पुलिस अवर निरीक्षक पिंटू कुमार, अभिषेक कुमार सिंह, हसनैन अंसारी, उज्जवल सिंह व सशस्त्र बल आदि।

# भ्रष्टाचार के आरोप में सरकार के आधे लोग जेल में हैं बंद

## अंचल कार्यालय के समक्ष भाजपा का धरना-प्रदर्शन





खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** झारखंड भाजपा के द्वारा 7 नवंबर से 13 नवंबर तक राज्यव्यापी प्रखंडों में चलाये जा रहे जनाक्रोश रैली के आलोक में भाजपा खलारी मंडल के कार्यकताओं ने प्रखंड सह अंचल कार्यालय खलारी के समक्ष हेमन्त हटाओ, झारखंड बचाओ का नारा बुलंद करते हुए एक दिवसीय धरना दिया। धरना कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश भाजपा के महामंत्री सह राज्यसभा सांसद आदित्य प्रसाद साहू तथा भाजपा रांची जिला ग्रामीण के अध्यक्ष सुरेंद्र महतो ने हिस्सा लिया। अपने अभिभाषण में सांसद आदित्य प्रसाद साहू ने राज्य सरकार में व्याप्त भ्रष्टाचार की कलई खोल दी। उन्होंने कहा कि सरकार के आधे लोग भ्रष्टाचार के आरोप में होटवार में बंद हैं, और आधे लोग होटवार जाने की तैयारी में हैं। जल, जंगल, जमीन की रक्षा की बात करके सरकार में आई पार्टी के लोग आज झारखंड को खोखला बनाने पर आमादा हैं। प्रदेश में चारो तरफ, कोयला, बालू, पत्थर आदि खनिज संपदाओं की लूट मचा रखी है। सूबे के मुखिया खुद जांच एजेंसियों के रडार पर हैं और जांच से भागते फिर रहे हैं। सरकार के लोग अनर्गल बयानबाजी कर भाजपा कार्यकताओं को मारने पीटने और डराने का काम कर रहे हैं। लेकिन वह यह जान लें कि भाजपा के कार्यकर्ता एक राष्ट्रभक्त कार्यकर्ता हैं, और यदि अपने पर आ गए तो उनकी ऐसी हड्डियां तोड़ेंगे कि उनकी हड्डियां किसी भी प्लास्टर से नहीं जुड़ेंगी। इसलिए भाजपा कार्यकताओं को धमकाने की परिपाटी को अविलंब बन्द करे सरकार, भाजपा के कार्यकर्ता एक देशभक्त और कर्तव्यनिष्ठ कार्यकर्ता हैं। कार्यक्रम को जिला अध्यक्ष सुरेंद्र महतो मंडल अध्यक्ष शैलेन्द्र शर्मा, सांसद प्रतिनिधि फुलेश्वर महतो, विधायक प्रतिनिधि श्याम सुंदर सिंह, अनुसूचित जाति मोर्चा के नेता सीताराम रवि, शशिभूषण सिंह तथा अरविंद सिंह इत्यादि ने भी सम्बोधित किया तथा कार्यक्रम के समापन पर खलारी बीडीओ को राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन सौंपा।

### झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद को सौंपा ज्ञापन

**खलारी।** गौरीशंकर केशरी ने रांची उपायुक्त एवं झारखंड राज्य प्रदुषण नियंत्रण पर्षद को पत्र लिखकर मोनेट डेनियल कोल वाशरी संबंधित सूचना कि मांग कि। ज्ञात हो कि दिनांक 26 सितंबर को रांची उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा, झारखंड राज्य प्रदुषण नियंत्रण पर्षद के अधिकारी एवं केन्द्रीय प्रदुषण नियंत्रण पर्षद कि टीम ने मोनेट डेनियल कोल वाशरी द्वारा सोनाडुब्बी पर किये गये अतिक्रमण का निरीक्षण किया था साथ ही उपायुक्त रांची और टीम ने मोनेट का निरीक्षण के बाद जो पाया गया उससे संबंधित रिपोर्ट एनजीटी को भेजने कि बात कही थी। वहीं गौरीशंकर केशरी ने रांची उपायुक्त और झारखंड राज्य प्रदुषण नियंत्रण पर्षद के अधिकारी से जो भी रिपोर्ट एनजीटी को भेजी गई है।

## एक नजर में

### युवा खेल में भी भविष्य तलाशें: मिथिलेश ठाकुर



**बुंडू।** युवा खेल में भी अपना भविष्य तलाशें। खेल में भी रोजगार की अपार संभावनाएं हैं। केन्द्र और राज्य सरकार नयी खेल नीति के तहत सीधी बहाली कर रही है। इसके लिए कोई परीक्षा नहीं और न ही इन्टरव्यू है। उक्त बातें पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कही। वे शुक्रवार को बुंडू में आयोजित स्वर्गीय रमेश सिंह मुंडा स्मारक खेल प्रतियोगिता 2022 के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। विधायक विकास कुमार मुंडा ने कहा आनेवाले कुछ समय बाद कांची नदी में पांच सौ करोड की लागत से बीयर और बराज दोनों बनेगा। कार्यक्रम के अंत में सात नवम्बर से ग्यारह नवम्बर के बीच क्रिकेटए फुटबालए हॉकीए सहित विभिन्न खेल के विजेताओं को कप और नगद राशि देकर मुख्य अतिथि के साथ नेता द्वय ने सम्मानित किया।मौके पर बुंडू एसडीएम अजय कुमार सावएडीएसपी अजय कुमारएथानेदार इंस्पेक्टर पंकज भूषणए असित कुंडूए कुरमाली कवि देवेन्द्र महतोएसजल कुंडूएराजीव लोचन महतो के साथ ढेर सारे खेल प्रेमी मौजूद थे।

### राज्य स्तरीय पूर्व फुटबॉलर पन्नालाल का निधन

**ओरमांझी।** राज्य स्तरीय पूर्व फुटबॉल खिलाड़ी व वरिष्ट समाज सेवी पन्नालाल महतो 70 वर्ष का निधन शुक्रवार को हो गया है। बताया गया कि पन्नालाल महतो कुछ दिन से अस्वस्थ्य थें। वे बिहार राज्य से फुटबॉल खेला करते थें। उन्हे फुटबॉल खेल से काफी प्रेम था। खेलना छोड़ने के बाद क्षेत्र में होने वाले फुटबॉल प्रतियोगिता में कॉमेंट्री करने के लिए बुलाया जाता था। बाद में वे समाज सेवा से जुड़ क्षेत्र के समाजिक व धार्मिक आयोजन में शामिल होते रहे। उनके निधन पर राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू, सांसद संजय सेठ, पूर्व सांसद रामटहल चैधरी, आजसू जिला अध्यक्ष संजय कुमार, समाज सेवी राधाचरण सिंह, रामलखन मेहता, सुरेष सिंह सहित कई लोगो ने दुख जताया और कहा पन्नालाल महतो खेल प्रेमी के साथ स्वच्छ छवि के व्यक्ति थें। वे अपने पिछे भरापुरा परिवार छोड़ गए। उनका अंतिम संस्कार शनिवार को चुटू मुक्तिधाम में किया जाएगा।

### डीपीएस जरिया के बच्चों मिला शूटिंग का प्रशिक्षण



**बेड़ो।** बेड़ो के जरिया स्थित स्वर्ण डीपीएस स्कूल में पिनाका शूटिंग क्लब धनबाद के अधिकारी सौरव दास ने आकर बच्चों को 10 मीटर ऐर राइफल, 10 मीटर पिस्टल शूटिंग एवं आर्चरी के लिए प्रशिक्षण दिया। उन्होंने गांव के बच्चों की प्रतिभा की बहुत तारीफ की एवं झारखंड में स्वर्ण डीपीएस स्कूल, बेड़ो को अपना प्रशिक्षण का केंद्र बनाया। यहां बच्चों को नि:शुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा । बेडों के समस्त स्कूल के बच्चों को यहां स्वर्ण डीपीएस स्कूल में ओपन शूटिंग का प्रशिक्षण दिया जाएगा व उन्हें डिस्ट्रिक्ट, स्टेट एवं नैशनल गेम्ज के लिए समय समय पर बाहर ले जाकर प्रशिक्षित किया जाएगा ताकि वे राज्य का नाम रौशन करें।

# सोनाहातू पंचायत में ग्रामीणों के 757 आवेदन का हुआ समाधान

खबर मन्त्र संवाददाता

सोनाहातू। प्रखंड के लांदुपडीह पंचायत में शुक्रवार को आपकी योजनाए आपकी सरकार .आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लोगों ने विभिन्न विभागों के 2159 आवेदन जमा किये गये। जिसमें 575 आवेदनों का तत्काल समाधान किया गया।इस दौरान बीडीओ सुचित्रा मिंज ने पप्रखंड के लाभकारी योजनाओं की जानकारी देकर उनका लाभ लेने को कहा। विधायक प्रतिनिधि सुनील सिंह ने लोगों से कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने की अपील किये। कार्यक्रम में लाभुकों के बीच जॉब कार्डएपेंशन स्वीकृति पत्रएमनरेगा स्वीकृति प्रमाण पत्रए दीदी बाड़ी स्वीकृति प्रमाण पत्रएसावित्रीबाई फुले किशोरी योजना स्वीकृति प्रमाण पत्रए महिला समूह के दीदीयों को ऋण स्वीकृति प्रमाण पत्रए आदि का वितरण किया गया।कार्यक्रम का संचालन अंनत हजाम ने किया। मौके पर जिप सदस्य मंजू सिंह मुंडाए सीओ प्यारेलालए सांसद प्रतिनिधि दिलेश्वर कोईरीए प्रमुख विक्टोरिया देवीए पशुपालन पदाधिकारी धनंजय कुमारए बीपीओ बबिता गोस्वामीए आवास पर्यवेक्षक राजीव गुप्ता मौजूद थे।

# सोना सोबरन योजना की बांटी धोती-साड़ी

## सरकार आपके द्वार



खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** पूर्वी पंचायत के काठीटांड़ स्थित उत्क्रमित प्रावि परिसर में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित किया गया। बीडीओ हरिशंकर बारिक व सीओ प्रदीप कुमार ने ग्रामीणों को केंद्र और राज्य सरकार ओर से चलायी जा रही कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। प्रधानमंत्री आवासए पेंशनए राशन कार्डए पीसीसी सड़क व और पक्की नाली निर्माण को लेकर सैकड़ों अर्जियां पड़ी। नये राशन कार्ड बनाये गये। समाज के जरूरतमंदों को कंबल दिया गया। लाभुकों को धोती-साड़ी दी गयी। मनरेगा मजदूरों को जॉब कार्ड दिया गया। अध्यक्षता मुखिया सुषमा तिर्की ने की। जबकिए संचालन तैय्यब अंसारी ने किया। मौके पर डॉ विजय कुमारए देवानंद पांडेयए विनय कुमारए डॉ प्रीति लता, मनोज कुमार, मोहन प्रजापति, मनीता कुमारी, दीपिका हेंब्रम, अर्चना सिन्हा, अलख सिंह, अनिता कुमारी, संतोष उरांव, सुबोध प्रसाद, शालिनी आईंद, अल्बर्ट मिंज, अभिषेक कुमार, किरण कुमारी, अमित कुमार, दीनबंधु बेदिया, सुबोध साहू, सुखदेव कच्छप, अरशद अयुब, अक्लिमा खातून, राजेश पासवान, मो नेसार आदि मौजूद थे।

# संत माइकल्स स्कूल में सम्मान समारोह





खबर मन्त्र संवाददाता

**पिस्कानगड़ी।** नगड़ी के कोलांबी स्थित संत माईकल्स स्कूल में शुक्रवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सम्मान समारोह में स्कूल के संस्थापक एवं निदेशक कमल बहलए प्राचार्य रंजीत कुमारए प्राचार्या ऋषिका बहल ने सयुक्त रूप से बीण्पीण्सीण में न्यायिक शिक्षा परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने के लिए वाली विधालय की पुर्व छात्रा भावना नंदा को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया मौके पर अकादमिक प्रभारी मेजर ;सेवानिवृतद्ध रश्मि प्रकाश ने अपने संबोधन करते हुए कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं है और सफलता हमारी असफसताओं से सीखकर प्राप्त की जा सकती है मौके पर छात्रा भावना नंदा ने कहा कि छात्रों के लिए समाचार पत्र पढ़ना सबसे महत्त्वपूर्ण है और छात्रों को कम उम्र में ही अपनी रूचि के अनुसार सही क्षेत्र का चयन करना चाहिए। उन्होंने छात्रों से स्मार्ट वर्किंग बच्चे बनने का भी आग्रह किया समारोह में प्रधानाचार्य रंजीत कुमार ने भावना नंदा का अभिनंदन किया और उनके पिता नवल किशोर नंदा को स्नेह और आभार का प्रतीक देकर सम्मानित देते हुए कहा कि असंभव के बाद ही कोई भी कार्य सम्भव हो पाता है। उन्होंने छात्रों को नए लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।

# मौलाना अबुल कलाम आजाद की जयंती पर कांके में प्रभातफेरी

**कांके।** पतराटोली स्थित जकारिया उच्च विद्यालय कांके के विद्यार्थियों ने शुक्रवार को भारत के पहले शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद की जयंती के उपलक्ष्य में प्रभातफेरी निकाली। इस मौके पर स्कूल के संस्थापक सचिव हाजी नुरुल्लाह अंसारी ने इनके जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मौलाना अबुल कलाम आजाद देश की आजादी से पहले एक स्वतंत्रता सेनानी थेए वह विद्वान और प्रख्यात शिक्षाविद भी थे। आजादी के बाद उन्हें देश का पहला शिक्षा मंत्री बनाया गयाए वह देश के प्रमुख वास्तुकारों में से एक थे। एआईसीटीई और इसी तरह के कई टेक्निकल संस्थानों की स्थापना में उन्होंने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। शिक्षा के क्षेत्र में उनके समर्पण को ध्यान में रखते हुए 11 नवंबरए 2008 को मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने उनके जन्मदिन को राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के रूप में मनाने का फैसला किया। मौलाना हिन्दू.मुस्लिम एकता के सबसे बड़े पक्षधर थे। आजाद को 1992 में मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित किया गया था। जकरिया उच्च विद्यालय पतराटोली के बच्चों ने स्कूल परिसर से प्रभातफेरी निकाल कर पतराटोलीए मिल्लत कॉलोनीए चूड़ीटोला होते हुवे प्रखंड कार्यालय तक गयी।

# राहे प्रखंड को सूखाग्रस्त घोषित करे राज्य सरकार: ग्रामीण



खबर मन्त्र संवाददाता

**राहे।** राहे प्रखंड को सुखाग्रस्त घोषित करने एवं किसानों को फसल बीमा राहत देने को लेकर सताकी पंचायत में मुखिया पांडुराम मुंडा की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष विनय महतो धीरज ने कहा कि राज्य सरकार राहे प्रखंड के किसान भाईयों के साथ अन्याय कर रही है रांची जिले में राहे प्रखंड को छोड़ सभी प्रखंड को सूखाग्रस्त घोषित किया है।राहे प्रखंड वासियों का मुख्य पेशा कृषि है क्षेत्र में सिंचाई का पर्याप्त साधन नहीं है किसानों को वर्षा पर ही निर्भर रहना पड़ता है।इस बार बारिश भी अच्छी नहीं हुई है समयानुसार वर्षा नहीं होने के कारण अच्छी फसल नहीं हुई है धान में लाही लग गये है। बावजूद इसके राहे प्रखंड को सूखाग्रस्त की सूची में नहीं रखा गया है जिससे किसान काफी दु:खी हैं। मुखिया पांडुराम मुंडा ने कहा कि किसानों की मांग को प्रखंड के अधिकारी एवं उपायुक्त तक रखा जाएगा।बैठक में किसान राहे प्रखंड को सूखाग्रस्त घोषित करने एवं फसल बीमा राहत का लाभ देने की मांग कर रहे थे। मौके पर उपमुखिया अशोक महतोएदुर्लभ महतो आदि मौजूद थे।

# युवक ने मतदाता सूची में नाम जोड़ने की लगायी गुहार

## सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में पहुंचा युवक



सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में पहुंचा युवक कृष्णा साहू।

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** विधानसभा व पंचायती चुनाव में मताधिकार से वंचित प्रखंड क्षेत्र के पांचा निवासी वासुदेव साहू का 21 वर्षीय बेटा कृष्णा साहू द्वारा मतदाता सूची में अपना नाम जोड़ने की गुहार लगाई गई है। पिछले तीन वर्ष से अपना मतदाता सूची में नाम जोड़वाने के लिए परेशान युवक कृष्णा आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में पहुंचा था। लेकिन वहां भी उसकी कोई सुनवाई नही हुई। अब मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री के रविकुमार द्वारा मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम शुरू किए जाने की घोषणा से कृष्णा साहू की उम्मीदें जग गई है। मुख्य निर्वाचित पदाधिकारी की घोषणा के अनुसार जिन युवाओं की उम्र 18 वर्ष नही हुई हैं। उन्हे भी अपना नाम मतदान सूची में जोड़वाने का अवसर मिल सकेगा। कृष्णा साहू ने बताया उसने बीएलओ बीणा देवी व आंगनबाड़ी सेविका प्रभा देवी से भी संपर्क किया। बावजूद नाम मतदाता सूची में नही जोड़ा गया। जिसके कारण वह मताधिकार से भी वंचित रहा है। इधर मुख्य निर्वाचन पदाधिकरी की घोषणा के अनुसार नौ नवंबर से आठ दिसंबर तक मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम में एक अक्टूबर 2005 से पहले जन्म लेने वाला भारत का कोई भी नागरिक मतदाता पहचान पत्र के लिए आवेदन कर सकता है। इसका मतलब जिसकी उम्र 18 वर्ष नहीं हुआ है वह भी आवेदन कर सकता है। उसे मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाने के लिए अब 18 वर्ष पूरा होने का इंतजार नहीं करना पड़ेगा। इस पहल से मतदान में युवाओं की भागीदारी बढेगी। वहीं नये युवाओं में उत्साह भी हैं।

